अमर उजाला नैनीताल | बुधवार, 27 जून 2018 6

नालसा प्रावधानों की दी जानकारी

पिथौरागढ़। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन कर नालसा योजना 2015 में किए गए प्रावधानों की जानकारी दी गई। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार द्विवेदी नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। गोष्ठी में डॉ. एमके जैसवाल, डॉ.. जेपी कश्यप, पीएलवी देवेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह बसेड़ा, जीवन राम, सुरेंद्र धामी, खीम सिंह आदि मौजूद रहे। ब्यूरो